पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

————

राज्यपाल ने राजभवन में नवनिर्मित नक्षत्र वाटिका का उद्घाटन किया

————

लखनऊ : 17 फरवरी, 2024

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज यहाँ राजभवन के उद्यान में नवनिर्मित नक्षत्र वाटिका का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि वैदिक काल से ही मनुष्य के जीवन में नक्षत्रों, ग्रहों व राशियों का अपना अलग महत्व है। इस ब्रह्माण्ड में नक्षत्र वा राशि के अनुसार मनुष्य का स्वभाव, गुण, धर्म व जीवन शैली जुड़ी होती है। राज्यपाल जी ने बताया कि अगर व्यक्ति अपने जन्म के नक्षत्र के अनुसार पौधे का रोपण कर उसकी देखभाल करें तो उसको जीवन में प्रगति और स्वास्थ्य लाभ भी प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि ये नक्षत्र वाटिका हमारे आध्यात्मिक, प्राकृतिक और संस्कृति की जानकारियों को विस्तारित करेगी।

ग्रह–नक्षत्र और राशि गणना के आधार पर नव निर्मित इस खूबसूरत नक्षत्र वाटिका के मध्य में सूर्य की प्रतिमा स्थापित की गई है, जिसके चारों ओर गोलाकार आकृति में पहली कक्षा में बारह राशियों के प्रतीक कलात्मकता के साथ पत्थर पर उकेरे गए हैं। दूसरी कक्षा में इन बारह राशियों से सम्बन्धित पौधे रोपित किए गए हैं तथा तीसरी कक्षा में 27 नक्षत्रों से सम्बन्धित पौधे रोपित हैं। वाटिका के मध्य में सूर्य प्रतिमा के चारों ओर लगे काले ग्रेनाइट पत्थर को तराशकर उसमें विशेष प्रकाश की व्यवस्था की गई है, जो कि रात्रि में इस वाटिका को अत्यंत आकर्षक और दर्शनीय बनाते हैं। वाटिका में नवग्रह, बारह राशि और 27 नक्षत्रों तथा उनसे

सम्बन्धित पौधों की जानकारी देने वाले साइन बोर्ड भी लगे हैं। भ्रमण के लिए आने वाले आगंतुक वाटिका भ्रमण करते समय ग्रह–नक्षत्र और उनसे सम्बन्धित वृक्षों की सभी जानकारियाँ सहज ही साइन बोर्ड से पढ़कर हासिल कर लेंगे।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, विशेष सचिव श्री बी0एन0 सिंह, विधि परामर्शी श्री प्रशांत मिश्रा तथा राजभवन के अन्य अधिकारी और कर्मचारियों ने भी सूर्य प्रतिमा पर पुष्पांजलि के साथ नमन किया।

–––––

संपर्क :
डा0 सीमा गुप्ता, सहायक निदेशक
कृष्ण कुमार, सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 8318116361